# उप प्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी को भारत रत्न दिया जाना अभिनंदनीय: धामी

**सम्मान**

8 केंद्र सरकार का आडवाणी को भारतरत्न से सम्मानित करने का निर्णय अभिनंदनीय है।



**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने भाजपा के वरिष्ठ नेता, मार्गदर्शक और उप प्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी को भारत रत्न दिए जाने की घोषणा पर प्रसन्नता व्यक्त की है। उन्होंने अपने ट्वीट में कहा है कि यह हमारे लिए अत्यंत प्रसन्नता का क्षण है कि हम सभी के मार्गदर्शक वरिष्ठ नेता और उप प्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी को भारत रत्न से सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि उप प्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी भारतीय राजनीति के शिखर पुरुष होने के साथ ही शुचिता और प्रतिबद्धता के सशक्त प्रतीक है। श्रीराम मंदिर निर्माण आंदोलन में आपकी भूमिका एक मजबूत स्तंभ के रूप में रही जो जब सभी के लिए प्रेरणा स्त्रोत है। लालकृष्ण आडवाणी ने अपने दूरदर्शी नेतृत्व से भारत के विकास में उप प्रधानमंत्री, गृह मंत्री, सूचना प्रसारण मंत्री के रूप में अभूत और अविस्मरणीय योगदान दिया है। केंद्र सरकार का आडवाणी को भारत से सम्मानित करने का निर्णय अभिनंदनीय है।

## ब्वै-ब्वारी सम्मेलन में मुख्यमंत्री हुए शामिल

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने दिशा-ध्याणी, ब्वै ब्वारी सम्मेलन में भाग लिया। पौड़ी गढ़वाल में नारी शक्ति वंदन महोत्सव के अंतर्गत दिशा ध्याणी ब्वै ब्वारी सम्मेलन आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री धामी का भव्य स्वागत हुआ और भारी संख्या में लोगों ने इस यात्रा में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर लगे स्टालों का भी मुख्यमंत्री ने निरीक्षण किया तथा कार्यकताओं के साथ कार्यक्रम में सहभागिता की।



# उत्तराखंड में फिर लौटा बारिश और बर्फबारी का दौर : डा. बिक्रम सिंह

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
उत्तराखंड मौसम विज्ञान केंद्र के पूवार्नुमान के अनुसार जहां पहले बारिश और बर्फबारी हुई वहीं एक बार फिर उत्तराखंड में मौसम ने फिर करवट ले लिया है। तीन फरवरी के देर शाम से अधिकांश हिस्सों में बारिश की संभावना है। यह क्रम पांच फरवरी तक जारी रहेगा।
मौसम विभाग के अनुसार उत्तरकाशी, चमोली, रुद्रप्रयाग, टिहरी, देहरादून, पौड़ी पिथौरागढ़, बागेश्वर, अल्मोड़ा, चंपावत नैनीताल, ऊधमसिंह नगर के अधिकांश क्षेत्रों में पांच तारीख तक हल्की से बहुत हल्की अथवा मध्यम बारिश होने की संभावना है। पिथौरागढ़ और बागेश्वर में छह फरवरी को यही क्रम जारी रहेगा।
मौसम विभाग के निदेशक डॉ. बिक्रम सिंह का कहना है कि के अनुसार 3 फरवरी से प्रारंभ होने वाली बारिश और बर्फबारी से 25 सौ मीटर से अधिक ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी होगी। 4 फरवरी से पांच फरवरी को बर्फबारी की संभावना बनी हुई है, लेकिन ऊंचाई क्रम थोड़ा नीचे हो जाएगा। 22 सौ मीटर से अधिक ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी होगी जबकि 6 फरवरी को एक बार फिर 25 सौ मीटर से अधिक ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी होगी। 4 फरवरी को प्रदेश के ज्यादातर हिस्सों में बर्फबारी और बारिश की संभावना है। उत्तरकाशी, चमोली, रुद्रप्रयाग, बागेश्वर, पिथौरागढ़ में भारी बर्फबारी होगी जबकि 6 फरवरी के बाद मौसम साफ हो जाएगा।



## न्यूज फ्लैश

### रामभद्राचार्य का हाल जानने अस्पताल पहुंचे मंत्री जोशी, बोले-स्वास्थ्य में बहुत सुधार

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने शनिवार को देहरादून के एक निजी अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती जगतगुरु रामभद्राचार्य का हाल चाल जाना और उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की।
कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने भेंट के दौरान जगतगुरु रामभद्राचार्य का आशीर्वाद भी प्राप्त किया। उन्होंने कहा कि गुरुदेव हमारी एक धरोहर हैं। उन्होंने कहा कि कल की तुलना में आज उनके स्वास्थ्य में बहुत सुधार है।
मंत्री ने बताया कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी भी लगातार उनकी स्वास्थ्य की जानकारी ले रहे हैं। उन्होंने जगतगुरु रामभद्राचार्य शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की।

### बेटे ने ही रचा था पिता की हत्या का षड़यंत्र, शूटर समेत छह गिरफ्तार

**-करोड़ों की प्रॉपर्टी के लालच में करायी पिता की हत्या**

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
पिता की करोड़ों की प्रापर्टी के लालच में बेटे ने ही सुपारी देकर पिता की हत्या को अंजाम दिलवाया था। आफिस में बैठे प्रापर्टी डीलर की गोली मारकर हत्या करने के मामले में पुलिस ने छह आरोपितों को गिरफ्तार किया है।
पुलिस ने आरोपितों के पास से हत्या में तमंचा, प्रयुक्त बाइक व मोबाइल बरामद किया है। मामले का खुलासा करने वाली पुलिस टीम को आईजी गढ़वाल ने 15 हजार व एसएसपी ने 10 हजार नकद इनाम की घोषणा की है। पुलिस ने आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसका चालान कर दिया है।
मामले का खुलासा करते हुए एसएसपी प्रमेन्द्र डोबाल ने बताया कि 27 दिसम्बर 23 को कोतवाली गंगनहर क्षेत्र स्थित पनियाला रोड स्थित निज आवास में बनाए गए ऑफिस में जोगिंदर की गोली मारकर एक प्रॉपर्टी डीलर की हत्या कर गई थी। घटना के खुलासे और आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए कोतवाली गंगनहर व सीआईयू रुड़की, हरिद्वार की सयुंक्त टीमें गठित की गई थीं।
गठित की गई पुलिस टीम को जांच में पता चला कि संपन्न गुर्जर परिवार से ताल्लुक रखने वाले करोड़ों की संपत्ति के मालिक व पेशे से प्रॉपर्टी, कंस्ट्रक्शन का काम करने वाले पनियाला निवासी मृतक जोगिंदर 27 दिसम्बर को रात्रि घर का मुख्य गेट बंद कर अपने ऑफिस में बैठे हुए थे। इसी बीच तीन अज्ञात बदमाशों ने सड़क पर अपनी बाइक खड़ी की और एक बदमाश ने दीवार फांदकर अंदर से मुख्य गेट खोलकर तीनों बदमाशों ने ऑफिस में घुसकर अकेले बैठे जोगिंदर पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी, जिससे जोगिंदर की मौके पर ही मौत हो गई।
पुलिस टीम ने सभी जानकारियां इकट्ठा करने पर प्रकाश में आया कि मृतक का बेटा अनुराग नशे का आदी है, जिसका आपराधिक किस्म के लोगों से मिलना-जुलना भी है। इसके अतिरिक्त अनुराग अपने पिता के कहने सुनने में भी न होने की बात भी सामने आयी। टीम ने गहनता के साथ मृतक के पुत्र अनुराग के आपराधिक प्रवृत्ति वाले सभी दोस्तों की कई माध्यमों से जानकार प्राप्त की। जांच में प्रकाश में आए प्रिंस खटाना नामक संदिग्ध की जानकारी की तो पता चला कि वह और अनुराग आपस में गहरे परिचित हैं। साथ ही ये भी पता लगा कि घटना के दिन प्रिंस खटाना नोएडा से हरिद्वार आया था।पुलिस टीम ने हिरासत में लेकर सख्ती से पूछताछ की तो प्रिंस खटाना ने अनुराग के कहने पर जोगिंदर की हत्या कराने की बात स्वीकार की। पुलिस टीम ने प्रिंस खटाना की निशानदेही पर घटना में सम्मिलित तीनों शूटरों को नोएडा क्षेत्र से दबोचा लिया एवं घटना के लिए मोटरसाइकिल उपलब्ध कराने के आरोपित अंशुल को भी गिरफ्तार कर घटना में प्रयुक्त बाइक भी बरामद की।पकड़े गए हत्यारोपितों के नाम प्रिंस खटाना पुत्र सतीश खटाना निवासी भराना थाना सिकन्दराबाद जिला बुलन्दशहर उ.प्र., अनुराग पुत्र स्व. जोगिंदर निवासी कृष्णानगर, पनियाला रोड़ रुड़की, अंशुल कुमार निवासी लक्सर, आशिक गुर्जर पुत्र स्व. महेन्द्र निवासी भराना थाना सिकन्दराबाद जिला बुलन्दशहर उ.प्र., प्रशान्त खटाना उर्फ काला पुत्र बीरसेन निवासी भराना थाना सिकन्दराबाद जिला बुलन्दशहर उ.प्र. व प्रशान्त यादव उर्फ टीकू पुत्र प्रमोद यादव निवासी कोटा थाना गुलावटी जिला बुलन्दशहर उ.प्र. बताए गए हैं।

# चेकिंग के दौरान शराब की खेप पकड़ी, एक गिरफ्तार



**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
आगामी लोकसभा की तैयारियों में पुलिस जोर-शोर से जुटी हुई है। एसएसपी ने कार्रवाई का जायजा लेने के साथ-साथ जनपद पुलिस को बिना लापरवाही संवेदनशील स्थानों पर सघन चेकिंग करने के भी निर्देश दिए हैं।
इसी के चलते चेकिंग के दौरान कोतवाली गंगनहर पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर छोटा हाथी वाहन चालक शराब तस्कर अमित कुमार को 07 पेटी अंग्रेजी शराब व 02 पेटी बियर के साथ गिरफ्तार किया। पुलिस पूछताछ में आरोपित ने अपना नाम अमित कुमार पुत्र मूलचंद निवासी भारापुर भौरी, थाना बहादराबाद हरिद्वार बताया।

# पॉड टैक्सी के साथ कॉरिडोर पर भी विरोध हुआ शुरू

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
तीर्थनगरी में पॉड टैक्सी के बाद अब कॉरिडोर योजना का भी विरोध सामने आने लगा है। चुनावी माहौल में विपक्ष इसे गमार्ने में लग गया है। इसके बाद कारीडोर योजना पर भी संशय के बादल मंडरा रहे हैं। ऐसे में संभव है कि शासन भी असंतोष को टालते हुए योजना को केवल कुछ बिंदुओं तक ही सीमित कर दे।
हरिद्वार शहर से जाम को समाप्त करने और सघन आबादी के बीच पॉड टैक्सी के लिए रूट प्लान तय किया गया था। इसके तहत भूपतवाला से वाल्मीकि चौक तक और शहर के मध्य गंगा पार कर कनखल क्षेत्र को पॉड टैक्सी परियोजना से जोड़ने की योजना थी। इसको लेकर व्यापारियों, श्री गंगासभा, धर्मशाला संचालकों के साथ लगातार बैठकों का दौर चला। पॉड टैक्सी परियोजना को लेकर कार्ययोजना तैयार करने में जुटी रेल मैट्रो कारपोरेशन ने भी सहमति बनाने का प्रयास किया। इसको लेकर जिलाधिकारी धीराज सिंह गर्ब्याल ने छह से अधिक बैठकें की। इन सब के बावजूद पॉड टैक्सी परियोजना प्रस्तावित स्वरूप में मूर्त रूप नहीं ले सकी। अब जब हरिद्वार कॉरिडोर को लेकर मास्टर प्लान तैयार कर रही कंसल्टेंट कंपनियों ने काम शुरू किया तो, इसके विरोध में भी स्वर उठने लगे। व्यापारियों का मानना है कि बगैर उनसे सुझाव लिए और सहमति के बिना योजना को अंतिम रूप न दिया जाए।
व्यापारियों का विरोध इसलिए भी है कि कोई भी योजना लागू करने के पूर्व स्टेक होल्डर से परामर्श नहीं लिया जा रहा। कुछ व्यापारी संगठनों का कहना है कि योजना से विकास का परिदृश्य क्या होगा और इसका व्यवसाय और धर्मनगरी के स्वरूप पर क्या प्रभाव पड़ेगा, इसका स्पष्ट उल्लेख करते हुए वार्ता करनी चाहिए। एक व्यापार मंडल ने जहां इसके लिए नगर विधायक के जरिए मुख्यमंत्री को पत्र प्रेषित किया है तो वहीं दूसरे व्यापार मंडल का एक प्रतिनिधिमंडल जल्द ही योजना को लेकर मुख्यमंत्री से मिलने की बात कह रहा है।



# अवैध खनन में आधा दर्जन वाहन सीज

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
लक्सर कोतवाली पुलिस ने एसएसपी के निर्देश पर खनन सामग्री से लदे आधा दर्जन ओवर लोडिंग वाहनों को पकड़कर सीज कर दिया है।
कोतवाली प्रभारी राजीव रौथाण ने बताया कि अवैध खनन पर अंकुश लगाने के लिए लक्सर पुलिस क्षेत्राधिकार निहारिका सेमवाल के नेतृत्व में अलग-अलग पुलिस की टीमों का गठन किया गया था, जिसमें सुल्तानपुर चौकी प्रभारी लोकपाल परमार और चौकी प्रभारी भिक्कमपुर नरेंद्र सिंह ने हेड कांस्टेबल खजान सिंह, कांस्टेबल अनूप पोखरियाल, कांस्टेबल इंदर सिंह और कांस्टेबल अरुण नेगी के साथ खनन सामग्री से लदे छह ट्रक 22 टायरा ओवरलोडिंग वाहनों को सीज किया है, जिसकी रिपोर्ट तैयार कर उपजिलाधिकारी को अलग से प्रषित की जा रही है।
इस बावत एसएसपी प्रमेंद्र डोभाल बताया कि कई दिनों से क्षेत्र में अवैध खनन व ओवर लोडिंग वाहनों की शिकायत मिल रही थी जिसको देखते हुए लक्सर पुलिस कार्रवाई करने के निर्देश दिए थे। आगे भी अवैध खनन व ओवर लोडिंग के खिलाफ लगातार पुलिस का अभियान जारी रहेगा।



## नगर पालिका अधिनियम में रजा क्लब का नाम राजा क्लब होने पर उठाया सवाल

**नैनीताल/टीम एक्शन इंडिया**
नगर के मल्लीताल स्थित रजा क्लब के नाम को लेकर प्रश्न उठ खड़े हुए हैं। भारतीय जनता पार्टी के युवा मोर्चा के पूर्व जिलाध्यक्ष एवं उच्च न्यायालय के अधिवक्ता नितिन कार्की ने कहा है कि नैनीताल नगर पालिका के अधिनियम के चैप्टर 5 के पेज संख्या 230 में मल्लीताल बाजार के विवरण के साथ ह्यराजा क्लबह्व का जिक्र है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में यहां ह्यरजा क्लबह्व स्थित है। उन्होंने कहा कि लगता है कि ह्यरजा क्लबह्व वास्तव में ह्यराजा क्लबह्व है।

# महाविद्यालय कर्णप्रयाग का एनएसएस का शिविर सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ हुआ



**गोपेश्वर/टीम एक्शन इंडिया**
चमोली जिले के कर्णप्रयाग महाविद्यालय की ओर से उमट्टा में आयोजित एनएसएस का सात दिवसीय शिविर शनिवार को सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ हो गया है। सावन को आलराउंडर स्वयं सेवी के पुरस्कार से सम्मानित किया गया।
समापन समारोह के अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष गौचर मुकेश नेगी ने शिविरार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि शिविर अवधि में प्राप्त अनुभव और ज्ञान को अपने व्यावहारिक जीवन में उतारें और एक जिम्मेदार नागरिक बनें।
प्राचार्य प्रो. केएल तलवाड़ ने कहा कि एनएसएस का मुख्य उद्देश्य समाज सेवा के माध्यम से विद्यार्थियों के व्यक्तित्व का विकास करना है। वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी डा.चन्द्रावती टम्टा ने बताया कि सात दिवसीय शिविर में शिविर स्थल का सौंदर्यीकरण, आर्थिक सर्वेक्षण, स्वच्छता, पेयजल स्त्रोतों की सफाई, बौद्धिक कार्यक्रम एवं जनजागरण रैली आयोजित की गई। एनसीसी के जिला समन्वयक जगदीश टम्टा ने शिविर का निरीक्षण कर कार्यों की सराहना की।कार्यक्रम में सलोनी और अंशुल को सर्वश्रेष्ठ स्वयंसेवी तथा राहुल और संध्या को सर्वश्रेष्ठ सांस्कृतिक कलाकार के रूप में पुरस्कृत किया गया।
इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी डा.हिना नौटियाल, डा.चंद्रमोहन जनस्वाण, विद्यालय के प्रधानाचार्य पुष्कर कोहली, रेखा डिमरी, बबीता डिमरी, हरीश चैहान, छात्र संघ के पूर्व विश्वविद्यालय प्रतिनिधि दीपक रावत,छात्र संघ अध्यक्ष प्रीतम सिंह, आयुष नेगी, सलोनी, उमेश पुरोहित, विपिन, बद्रीश, हरपाल आदि मौजूद थे।

# रितु बाहरी उत्तराखंड उच्चन्यायालय में नई न्यायाधीश नियुक्त

**अधिसूचना जारी**

8 केंद्र ने न्यायमूर्ति रितु बाहरी को मुख्य न्यायाधीश नियुक्त करने के लिए अधिसूचना जारी कर दी है।



**नैनीताल/टीम एक्शन इंडिया**
न्यायमूर्ति रितु बाहरी उत्तराखंड उच्च न्यायालय की नयी मुख्य न्यायाधीश होंगी।
केंद्र सरकार ने न्यायमूर्ति रितु बाहरी को उत्तराखंड उच्च न्यायालय का मुख्य न्यायाधीश नियुक्त करने के लिए अधिसूचना जारी कर दी है। केंद्रीय कानून और न्याय मंत्रालय की जारी अधिसूचना में कहा गया है, ह्यसंविधान के अनुच्छेद 217 के खंड (1) द्वारा प्रदत्त शक्ति का प्रयोग करते हुए राष्ट्रपति पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय की न्यायाधीश कुमारी न्यायमूर्ति रितु बाहरी को उत्तराखंड उच्च न्यायालय का मुख्य न्यायाधीश नियुक्त करते हुए प्रसन्न हैं। उनका कार्यालय उनके कार्यभार संभालने की तारीख से प्रभावी होगा।ह्व
भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) डीवाई चंद्रचूड़ के नेतृत्व वाले सर्वोच्च न्यायालय के कॉलेजियम ने नवंबर 2023 में उत्तराखंड उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति विपिन सांघी की सेवानिवृत्ति होने पर पद रिक्ति को भरने के लिए केंद्र को अपनी सिफारिश भेजी थी।

# लोकसभा चुनाव के मद्देनजर बॉर्डर मीटिंग का आयोजन

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
एसएसपी हरिद्वार प्रमेन्द्र डोबाल की अध्यक्षता में आगामी लोकसभा चुनाव को शान्ति पूर्वक कराए जाने के लिए उ.प्र. के बिजनौर, मुजफ्फरनगर, सहारनपुर के अधिकारियों के साथ सीसीआर भवन मे बॉर्डर मींटिग आयोजित की गयी।
इस दौरान आगामी लोक सभा चुनाव की तैयारियों के दृष्टिगत कानून व्यवस्था में सुधार एवं आपसी समन्वय को और बेहतर बनाते हुए एक-दूसरे का परिचय, सम्पर्क नम्बर का आदान-प्रदान व चुनाव के दौरान बोर्ड़र में आने वाली समस्याओं के सम्बन्ध में विचार विमर्श किया गया। बॉर्डर चौक पोस्ट में बार्डर के थानों की चेकिंग व्यवस्था दुरुस्त करने के लिये भी मंथन किया गया।
बॉर्डर मीटिंग में चुनाव को प्रभावित करने वाली गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए दोनों प्रदेशों के सीमावर्ती जिलों में तैयारी शुरू करने के सम्बन्ध मे बैठक में उपस्थित अधिकारियों ने गहनता से विचार-विमर्श करते हुए बैठक में उपस्थित सम्बंधित थानाध्यक्षों को दिशा निर्देश भी दिये।
बैठक में अपराधियों पर निगरानी रखने, बॉर्डर क्षेत्र में होने वाली संदिग्ध गतिविधियों पर रोक लगाने, वांछित अपराधियों का ब्यौरा साझा करने, अंतर्राज्यीय चेक पोस्टों पर पैनी नजर रखने, संदिग्ध लोगों पर नजर और अवैध रूप से लाई जाने वाली शराब, मादक पदार्थों व अन्य सामग्रियों पर रोकथाम हेतु संघन वाहन चेकिंग चलाने के सम्बन्ध मे गहनता से विचार-विमर्श किया गया।
बॉर्डर मीटिंग में एसएसपी हरिद्वार प्रमेन्द्र डोबाल, एसपी सिटी स्वतन्त्र कुमार, एसपी देहात स्वप्न किशोर, अपर पुलिस अधीक्षक संचार विपिन कुमार, एसपी क्राइम, यातायात पंकज कुमार, क्षेत्राधिकार सदर जितेंद्र मेहरा, सीओ सिटी जूही मनराल, सीओ ज्वालापुर शान्तनु परासर, सीओ लक्सर सुश्री निहारिका सेमवाल, सीओ बुग्गावाला यातायात नताशा सिंह, क्षेत्राधिकारी जीआरपी स्वप्निल मुयाल, एसएचओ भगवानपुर सूर्यभूषण नेगी, एसएचओ लक्सर राजीव रौथाण, एसएचओ एलआईयू नीरज यादव, एडीएम (सी) पीएल शाह, जेएम रुड़की दिनेश शाहनी, जिला आबकारी अधिकारी पवन कुमार सिंह, एसपी देहात सहारनपुर सागर जैन, सीओ देवबन्द अशोक सिसौदिया, सीओ बेहट शशि प्रकाश, एसओ पुरकाजी धमेन्द्र मोहन सिंह, एसओ भोपा विनोद कुमार, एसपी क्राइम मुज्जफरनगर प्रशान्त कुमार, सीओ सिटी बिजनौर संग्राम सिंह, एसओ मण्डावर रविन्द्र कुमार आदि मौजूद रहे।



# क्लीनिक में घुसा चोर, रंगे हाथ पकड़ा

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
डाक्टर की क्लीनिक में घुसकर तिजोरी में हाथ डालना एक चोर को महंगा पड़ गया। मौके पर ही आरोपित को पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया। आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसे जेल भेज दिया गया है।
पुलिस के मुताबिक ज्वालापुर कोतवाली क्षेत्र स्थित मोहल्ला चौहानान में डॉक्टर एसएस चौहान का क्लीनिक है। शाम के समय डॉक्टर अपनी क्लीनिक के बाहर किसी से बात कर रहे थे, तभी नजर बचाकर एक शातिर चोर क्लीनिक में घुस आया और अंदर रखी तिजोरी तोड़ने लगा, जिसे मौके पर ही पकड़ कर पुलिस के सुपुर्द कर दिया। पुलिस पूछताछ पकड़े गए आरोपित ने अपना नाम शाकिर पुत्र शकील अहमद निवासी ग्राम इक्कड़ खुर्द थाना पथरी बताया। आरोपित चोरी के मामले में पहले भी कई बार जेल की यात्रा कर चुका है। उसके खिलाफ ज्वालापुर थाने में 4 और 1 कनखल थाने में मुकदमा दर्ज है आरोपित को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया है।



# खिलाड़ी टीम के बजाए अपने लिए खेलें तो...पूर्व कोच मिकी आर्थर ने खोली पाकिस्तान क्रिकेट की कलई



**नई दिल्ली.** मिकी आर्थर ने पाकिस्तान क्रिकेट की कलई खोली है। पाकिस्तान टीम के पूर्व हेड कोच आर्थर ने कहा कि अगर खिलाड़ी टीम के बजाए अपने लिए खेलना शुरू कर दें तो यह खतरनाक है। उनका कहना है कि पाकिस्तान में काफी टैलेंट है मगर मैनेजमेंट से पर्याप्त सहयोग नहीं मिलता। बता दें कि पाकिस्तान का वनडे वर्ल्ड कप 2023 में प्रदर्शन निराशानजक रहा, जिसके बाद कई बदलाव देखने को मिले। बाबर आजम ने तीनों फॉर्मेट की कप्तानी से इस्तीफा दे दिया था और फिर पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने शान मसूद को टेस्ट और शाहीन अफरीदी को टी20 टीम की कमान सौंपी।

कप्तान बदलने के बावजूद पाकिस्तान के प्रदर्शन में कोई खास सुधार नहीं हुआ। पाकिस्तान का ऑस्ट्रेलिया में तीन मैच की टेस्ट सीरीज में सूपड़ा साफ हो गया। वहीं, शाहीन ब्रिगेड को न्यूजीलैंड में पांच मैचों की टी20 सीरीज में 1-4 से हार का सामना करना पड़ा। आर्थर वर्ल्ड कप के दौरान पाकिस्तान क्रिकेट टीम के डायरेक्टर थे। फिलहाल, पूर्व ऑलराउंडर मोहम्मद हफीज टीम के डायरेक्टर हैं। आर्थर ने ईएसपीएनक्रिकइन्फो से कहा, %%मैं अभी भी पाकिस्तान क्रिकेट को फॉलो करता हूं और हमेशा करता रहूंगा। लेकिन पाकिस्तान क्रिकेट के लिए मुझमें जो जोश, प्यास और जुनून था, वो थोड़ा कम हो गया है। ईमानदारी से कहूं तो मुझे लगता है कि पाकिस्तान क्रिकेट बहुत निराशाजनक स्थिति में है।

## वेस्टइंडीज के खिलाफ वनडे सीरीज के बीच ऑस्ट्रेलियाई स्क्वॉड में बदलाव, ट्रेविस हेड हुए बाहर

**नई दिल्ली.** ऑस्ट्रेलिया और वेस्टइंडीज के बीच जारी 3 मैच की वनडे सीरीज के दूसरे मुकाबले से पहले ऑस्ट्रेलियाई स्क्वॉड में बदलाव हुए हैं। ट्रेविस हेड को आगामी बिजी शेड्यूल को देखते हुए वेस्टइंडीज के खिलाफ व्हाइट बॉल क्रिकेट से आराम दिया गया है। हेड वेस्टइंडीज के खिलाफ वनडे सीरीज के बचे दो मुकाबलों के अलावा टी20आई सीरीज से भी बाहर रहेंगे। वहीं तेज गेंदबाज जेवियर बार्टलेट जिन्होंने वेस्टइंडीज के खिलाफ पहले वनडे में शानदार प्रदर्शन किया था, उन्हें भी दूसरे वनडे से आराम दिया गया है। उनके स्थान पर अनुभवी तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड स्क्वॉड में जगह दी गई है। बार्टलेट चोटिल नहीं हैं, उन्होंने हाल ही में बीबीएल में सभी मुकाबले खेले हैं। ऐसे में चयनकर्ताओं ने उनके वर्कलोड को कम करने के लिए दूसरे वनडे से आराम दिया है। ऑस्ट्रेलिया को वेस्टइंडीज के खिलाफ 3 वनडे मैच 5 दिन के अंदर खेलने हैं। ऐसे में टीम मैनेजमेंट कोई रिस्क नहीं लेना चाहती। उम्मीद है। बार्टलेट तीसरे वनडे की प्लेइंग इलेवन में वापसी करेंगे।

ट्रेविस हेड की बात करें तो इसी महीने के अंत में ऑस्ट्रेलिया को न्यूजीलैंड दौरे पर तीन टी20 और दो टेस्ट मैच की सीरीज खेलनी है। इस अहम टूर को देखते हुए उन्हें आराम दिया गया है। हेड के रिलीज होने से बैटिंग सेनसेशन जेक फेजर-मैकगर्क के लिए अंतरराष्ट्रीय डेब्यू के दरवाजे खुल गए हैं, जबकि मैट शॉर्ट को टॉप ऑर्डर में बैटिंग करने का मौका मिल सकता है। बता दें, तीन मैच की वनडे सीरीज का पहला मुकाबला जीतकर ऑस्ट्रेलिया सीरीज में 1-0 की बढ़त बना चुका है।

ऑस्ट्रेलिया वनडे टीम: स्टीव स्मिथ (कप्तान), सीन एबॉट, जेवियर बार्टलेट, जेक फेजर-मैकगर्क, कैमरून ग्रीन, आरोन हार्डी, जोश हेजलवुड (केवल दूसरा वनडे), जोश इंगलिस, स्पेंसर जॉनसन (केवल तीसरा वनडे), मार्नस लाबुशेन, लांस मॉरिस, मैट शॉर्ट, विल सदरलैंड, एडम जम्पा

वेस्टइंडीज वनडे टीम: शाई होप (कप्तान), अल्जारी जोसेफ, एलिक अथानाजे, टेडी बिशप, कीसी कार्टी, रोस्टन चेज, मैथ्यू फोर्ड, जस्टिन ग्रीव्स, केवम हॉज, टेविन इमलाच, गुडाकेश मोटी, केजोर्न ओटले, रोमारियो शेफर्ड, ओशेन थॉमस। हेडन वॉल्श जूनियर

# IND vs ENG: केविन पीटरसन ने कर दी जैक कैलिस से शुभमन गिल की तुलना, दिया ये दनदनाता बयान

**पीटरसन ने कहा कि साउथ अफीका के लीजेंड जैक कैलिस का भी पहले 10 टेस्ट में औसत 22 का ही था, मगर वह बाद में इस खेल के महान खिलाड़ी बने। ऐसे में शुभमन गिल को भी अपनी फॉर्म तलाशने के लिए समय देना होगा।**



**नई दिल्ली.** इंग्लैंड के पूर्व कप्तान केविन पीटरसन ने टीम इंडिया के उभरते सितारे शुभमन गिल की तुलना साउथ अफ्रीका के लीजेंड जैक कैलिस से कर दी है। यह तुलना उन्होंने गिल के इंग्लैंड के खिलाफ जारी टेस्ट सीरीज में खराब प्रदर्शन के बाद की। रेड बॉल क्रिकेट में गिल के बल्ले से पिछले कुछ समय से रन नहीं निकल रहे हैं, वहीं जब से उन्होंने नंबर-3 पर बल्लेबाजी करने का फैसला किया है तब से तो उनके रनों पर और लगाम लग गई है। पिछली 11 पारियों में उन्होंने एक भी अर्धशतक नहीं लगाया है। शुभमन गिल का बैटिंग औसत टेस्ट क्रिकेट में गिरकर अब 29.52 का रह गया है। ऐसे में क्रिकेट के गलियारों में बातें होने लगी है कि गिल ऐसे ही खेलते रहे तो जल्द ही उन्हें प्लेइंग इलेवन से बाहर का रास्ता दिखाया जा सकता है।

ऐसे में केविन पीटरसन को शुभमन गिल के सपोर्ट में उतरना पड़ा है। पूर्व इंग्लिश कप्तान का कहना है कि साउथ अफ्रीका के लीजेंड जैक कैलिस का भी पहले 10 टेस्ट में औसत 22 का ही था, मगर वह बाद में इस खेल के महान खिलाड़ी बने। ऐसे में शुभमन गिल को भी अपनी फॉर्म तलाशने के लिए समय देना होगा। पीटरसन ने इंडिया वर्सेस इंग्लैंड दूसरे टेस्ट के पहले दिन का खेल खत्म होने के बाद एक्स पर लिखा, +कैलिस ने अपने पहले 10 टेस्ट मैचों में 22 की औसत से रन बनाए थे और यकीनन वह इस खेल को खेलने वाले सबसे महान खिलाड़ी साबित हुए। शुभमन गिल को भी समय दो। वह एक सीरियर प्लेयर है।

बता दें, विशाखापट्टनम में जारी इस मुकाबले के पहले दिन भारतीय टीम ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 336 रन बोर्ड पर लगाए।

भारत को इस स्कोर तक पहुंचाने में यशस्वी जायसवाल का अहम रोल रहा जो नाबाद 179 रन बनाकर क्रीज पर मौजूद हैं। उनके अलावा अभी तक कोई भी भारतीय 40 रन का भी आंकड़ा पार नहीं कर पाया है।

यशस्वी की नजरें दूसरे दिन अपना दोहरा शतक पूरा करने के साथ भारत को बड़े स्कोर तक ले जाने पर होंगी।

## भारतीय क्रिकेट के इतिहास में पहली बार हुआ ऐसा, यशस्वी जायसवाल के दोहरे शतक के साथ अजीबो-गरीब संयोग

**नई दिल्ली.** यशस्वी जायसवाल ने इंग्लैंड के खिलाफ विशाखापट्टनम में जारी दूसरे टेस्ट में दोहरा शतक जड़ टीम इंडिया की लाज बचाई है। भारत ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए पहली पारी में 396 रन बोर्ड पर लगाए। इनमें 209 रनों का योगदान तो सिर्फ यशस्वी का था, मतलब भारतीय पारी के 50 प्रतिशत से अधिक रन यशस्वी के बल्ले से निकले हैं। वहीं भारत का कोई भी बल्लेबाज अर्धशतक तो छोड़े, 40 रन का आंकड़ा भी पार नहीं कर पाया। यशस्वी के इस दोहरे शतक के साथ एक अजीबो-गरीब संयोग जुड़ गया है और इसके तार वेस्टइंडीज के दिग्गज ब्रायन लारा से जुड़े हैं। आइए जानते हैं-

यशस्वी जायसवाल ने इंग्लैंड के खिलाफ 209 रनों की पारी खेली, उनके बाद भारत के लिए सबसे अधिक रन शुभमन गिल के बल्ले से निकले। गिल ने इंग्लैंड के खिलाफ पहली पारी में 34 रन बनाए। भारतीय क्रिकेट के इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ है जब किसी बल्लेबाज ने पारी में 200 रन का आंकड़ा पार किया हो, वहीं टीम को कोई अन्य बल्लेबाज 50 रन भी नहीं बना पाया हो।

वहीं वर्ल्ड क्रिकेट में यह दूसरी घटना है जब किसी बल्लेबाज ने दोहरा शतक जड़ा हो और टीम का बल्लेबाज 34 से अधिक रन ना बना पाया है। सबसे पहले ये घटना 2005 में वेस्टइंडीज वर्सेस ऑस्ट्रेलिया मुकाबले में घटी थी, जब ब्रायन लारा ने 226 रन बनाए थे और ड्वेन ब्रावो 34 रनों के साथ दूसरे सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज थे।

इसी के साथ भारतीय क्रिकेट के इतिहास में यह दूसरी घटना है जब किसी बल्लेबाज द्वारा डबल सेंचुरी जड़ने के बाद भी टीम 400 से अधिक रन नहीं बना पाई हो। सबसे पहले ये घटना सितंबर 1983 में घटी थी, जब अनशुमन गायकवाड़ ने पाकिस्तान के खिलाफ जलंधर में 201 रनों की पारी खेली थी और पूरी टीम 374 ही रन बना पाई थी। इस बार यशस्वी जायसवाल ने 209 रन बनाए और पूरी टीम 396 पर ढेर हो गई।




## मिस्बाह उल हक ने पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड को बुरी तरह तलाड़ा, कहा- ऐसे तो विदेशी क्या देसी कोच भी नहीं टिकेगा



**कराची.** पाकिस्तान के पूर्व कप्तान मिस्बाह उल हक का मानना है कि पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) में अनिश्चितता और उसकी अदूरदर्शिता के कारण विदेशी और यहां तक कि स्थानीय कोच भी देश के क्रिकेट बोर्ड के साथ काम नहीं करना चाहते हैं। मिस्बाह ने 2019 और 2021 के बीच पाकिस्तान टीम के मुख्य कोच और मुख्य चयनकर्ता के रूप में भी काम किया है।

उन्होंने इस बात पर अफसोस जताया कि पाकिस्तान क्रिकेट में खिलाड़ियों और कोचों को एक या दो सीरीज के आधार पर या बोर्ड के शीर्ष प्रबंधन में बदलाव के कारण बर्खास्त कर दिया गया था। सिंध प्रांत में एक स्थानीय टूर्नामेंट में हैदराबाद फेंचाइजी को कोचिंग दे रहे मिस्बाह ने कहा, अगर आप बोर्ड की नीतियों को देखें तो विदेशी कोच ही नहीं बल्कि हमारे स्थानीय कोच भी पीसीबी के साथ काम नहीं करना चाहते हैं।

उन्होंने कहा, पाकिस्तान क्रिकेट को इतने अव्यवस्थित तरीके से नहीं चलाया जाना चाहिए। हमें टीम प्रबंधन, चयनकर्ताओं और खिलाड़ियों को तैयार करने के लिए दीर्घकालिक योजनाएं बनाने की जरूरत है। दुर्भाग्य से पाकिस्तान में बोर्ड नेतृत्व में बदलाव से सब कुछ बदल जाता है। मिस्बाह ने कहा कि अगर खिलाड़ी इस बात को लेकर आश्वस्त नहीं है कि बोर्ड में क्या हो रहा है तो वे कैसे सुरक्षित महसूस कर राष्ट्रीय टीम में खुद को स्थापित कर सकते हैं।

उन्होंने कहा, मेरा मानना है कि अगर इस प्रक्रिया के लिए उचित समय नहीं दिया गया तो आप एक अच्छी टीम नहीं बना सकते या गुणवत्तापूर्ण खिलाड़ियों को तैयार नहीं कर सकते। हमें कुछ अन्य देशों की प्रणालियों को देखने की जरूरत है जो सफल हैं।

## बेशर्मी का नया लेवल! हॉग ने वेस्टइंडीज को लताड़ने के बाद लिया गाबा टेस्ट जीत का क्रेडिट, बोले- मेरी वजह से...

**नई दिल्ली.** ऑस्ट्रेलिया और वेस्टइंडीज के बीच हाल ही में दो मैचों की टेस्ट सीरीज का रोमांचक अंत हुआ। वेस्टइंडीज ने ब्रिस्बेन के गाबा स्टेडियम में 8 रन से जीत हासिल की। यह डे-नाइट टेस्ट था। वेस्टइंडीज ने 27 साल बाद ऑस्ट्रेलिया में टेस्ट अपने नाम किया था। सीरीज 1-1 से ड्रॉ रही। क्रेग ब्रैथवेट के नेतृत्व वाली वेस्टइंडीज टीम को एडिलेड में 10 विकेट से शिकस्त का सामना करना पड़ा था। वेस्टइंडीज के एडिलेड टेस्ट गंवाने के बाद ऑस्ट्रेलिया के पूर्व दिग्गज गेंदबाज रॉडनी हॉग ने कड़ी आलोचना की थी। उन्होंने कहा कि कमजोर टीमों को यहां खेलने नहीं आना चाहिए। उन्होंने यह भी भविष्यवाणी की कि मिचेल स्टार्क गाबा टेस्ट में वेस्टइंडीज को तबाह कर देंगे। हालांकि, 73 वर्षीय हॉग अब अजीबोगरीब दावा करते हुए वेस्टइंडीज की जीत का क्रेडिट ले रहे हैं। हॉग ने कहा कि उन्होंने वेस्टइंडीज क्रिकेट की किस्मत बदल दी क्योंकि यह सीरीज जितनी लंबी चली, उनके खिलाड़ी उतने बेहतर होते गए। सेन डॉट कॉम डॉट एयू की रिपोर्ट के मुताबिक, हॉग ने कहा, मेरी वजह से वेस्टइंडीज टेस्ट क्रिकेट में नयापन आया। मेरे उन कमेंट से पहले वे निराश थे और उसके बाद सभी अच्छा खेलने के लिए प्रेरित हुए। उन्होंने आगे कहा, वे जब यहां आए तो छह खिलाड़ियों को टेस्ट डेब्यू नहीं हुआ था। वे बहुत अनुभवहीन थे।

# IND vs ENG: श्रेयस अय्यर ने दौड़कर पकड़ा बेहद हैरतअंगेज कैच, वीडियो देख फटी रह जाएंगी आंखें

**श्रेयस अय्यर ने इंग्लैंड के सलामी बल्लेबाज जैक क्रॉली का बेहद हैरतअंगेज कैच पकड़ा। अय्यर ने पीछे की ओर दौड़कर यह कैच लिया। क्रॉली 76 रन बनाकर पवेलियन लौटे।**



**नई दिल्ली.** श्रेयस अय्यर ने शनिवार को इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट के दूसरे दिन एक बेहद हैरतअंगेज कैच पकड़ा। अय्यर ने टिककर बल्लेबाजी कर रहे जैक क्रॉली की पारी को समाप्त किया। उन्होंने पीछे की ओर दौड़ लगाकर कैच लपका, जिसकी काफी चर्चा हो रही है। उनका वीडियो सोश मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसे देख आंखें फट की फटी रह जाएंगी। ओपनर कॉली ने 78 गेंदों का सामना करने के बाद 76 रन बनाए। उन्होंने 11 चौके और दो छक्के लगाए।

कॉली को स्पिन ऑलराउंडर अक्षर पटेल ने 23वें ओवर की तीसरी गेंद पर अपने जाल में फंसाया। कॉली ने ऑफ स्टंप लाइन में आई फुल लेंथ गेंद पर आगे बढ़कर हवाई फायर करने की फिराक में थे। हालांकि, गेंद थोड़ा सा बाहर घूमी, जिसके चलते कॉली सही से बल्ला कनेक्ट नहीं कर पाए। गेंद ने बल्ले का मोटा किनारा लिया और बैकवर्ड प्वाइंट की दिशा में चली गई, जहां अय्यर थे। अय्यर तेजी से पीछे की ओर दौड़े और उन्होंने डाइव लगाकर मुश्किल कैच लपका लिया।

बता दें कि भारत ने यशस्वी जायसवाल (209) की दोहरे शतक के दम पर पहली पारी में 396 रन जुटाए। वहीं, इंग्लैंड ने सधी हुई शुरुआत की। कॉली और बेन डकेट ने पहले विकेट के लिए 59 रन की पार्टनरशिप की। डकेट 11वें ओवर में स्पिनर कुलदीप यादव का शिकार बने। तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने 26वें ओवर में जो रूट (5) को शुभमन गिल के हाथों लपकवाया। बुमराह ने 28वें ओवर में ओली पोप (23) को बोल्ड किया। टीम ब्रेक तक इंग्लैंड का स्कोर 33वें ओवर में 155/4 था।

# बुमराह ने उड़ाया इंग्लिश बल्लेबाज का स्टंप, खतरनाक यॉर्कर पर ओली पोप हुए क्लीन बोल्ड, BCCI ने शेयर किया वीडियो

**नई दिल्ली.** भारत के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने दूसरे टेस्ट मैच के दूसरे दिन शानदार गेंदबाजी की, जिसकी बदौलत भारतीय टीम इंग्लैंड को बैकफुट पर धकेलने में कामयाब रही है। विशाखापत्तनम में खेले जा रहे मुकाबले में दूसरे दिन लंच के बाद अपने दूसरे स्पैल में जसप्रीत बुमराह ने दो विकेट झटके। उन्होंने इंग्लैंड के स्टार बल्लेबाज जो रूट को एक बार फिर अपना शिकार बनाया, जबकि ओली पोप को उन्होंने यॉर्कर डालकर क्लीन बोल्ड किया।

जसप्रीत बुमराह ने आठवीं बार जो रूट को अपना शिकार बनाया है। उन्होंने जारी टेस्ट मैच की पहली पारी में उन्हें आउटस्विंगर पर कैच आउट करवाया। 28वें ओवर में जसप्रीत बुमराह ने ओली पोप को एक बेहतरीन यॉर्कर पर क्लीन बोल्ड किया। बुमराह की इस गेंद की पूर्व क्रिकेटर से लेकर फैन तक तारीफ कर रहे है। ओली पोप का विकेट भारत के लिए काफी अहम रहा है क्योंकि पिछले मैच में ओली पोप ने 196 रन बनाकर भारत से मैच दूर लेकर गए थे।

ओली पोप के रूप में इंग्लैंड का चौथा विकेट गिरा। चाय के विश्राम के समय जॉनी बेयरस्टो (24) और कप्तान बेन स्टोक्स (पांच) रन बनाकर क्रीज पर मौजूद है। इंग्लैंड पहली पारी में अभी भारत से 241 रन पीछे है। क्राउली ने 78 गेंद की पारी में 11 चौके और दो छक्के जड़ कर भारतीय गेंदबाजों पर दबाव बनाए रखा।

इससे पहले अपना छठा टेस्ट खेल रहे 22 साल के जायसवाल ने 290 गेंद की पारी में 19 चौके और सात छक्के की मदद से 209 रन बनाये। वह दिग्गज जेम्स एंडरसन की गेंद पर जॉनी बेयरस्टो को कैच देकर पवेलियन लौटे। उनकी शानदार बल्लेबाजी से भारत ने पहली पारी में 396 रन बनाए।



**भारत के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने इंग्लैंड के स्टार बल्लेबाज जो रूट और ओली पोप को पवेलियन का रास्ता दिखाया। बुमराह ने एक खतरनाक यॉर्कर डालकर बल्लेबाज ओली पोप को आउट किया।**

